तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 बासनवाही व मांडाभर्री केंद्रों में धान का उठाव ठप, केंद्र प्रभारी हैं चिंतित



12 बैकुंठपुर सरपंच को 11 लाख के गबन के आरोप पर पद से हटाया



# इच्छापुर घोटिया मार्ग पर पुल निर्माण से आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी रफ्तार, क्षेत्र बनेगा सशक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिले के लिए यह खबर किसी बड़ी सौगात से कम नहीं है। वर्षों से बरसात में अलग-थलग पड़ जाने वाले इच्छापुर-घोटिया मार्ग पर अब स्थायी समाधान की नींव रखी जा चुकी है। दूधनदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के लिए 6 करोड़ 53 लाख नौ हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे आवागमन की पुरानी समस्या का अंत होने की उम्मीद जगी है।

बरसात के दिनों में दूधनदी का जलस्तर बढ़ने से इच्छापुर और घोटिया के बीच संपर्क पूरी तरह टूट जाता था। ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती थी। विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होती थी, मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता था और किसानों को अपने कृषि उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। यह पुल केवल कंक्रीट और सरिए का ढांचा नहीं, बल्कि हजारों लोगों के लिए राहत और सुविधा का प्रतीक बनेगा। इस महत्वपूर्ण कार्य की स्वीकृति के पीछे विधायक आशाराम नेताम के निरंतर प्रयासों को निर्णायक माना जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र की जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर लगातार पहल की और अधिकारियों के समक्ष इस मुद्दे को मजबूती से रखा। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि वर्षों से लंबित यह मांग अब धरातल पर उतरने जा रही है। उच्चस्तरीय पुल के निर्माण से अब वर्षभर सुरक्षित और सुगम आवागमन संभव होगा। इससे न केवल इच्छापुर और घोटिया, बल्कि आसपास के कई गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। कृषि उत्पादों के परिवहन में तेजी आएगी, विद्यार्थियों का स्कूल-कॉलेज आना-जाना आसान होगा और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को भी नया संबल मिलेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पुल क्षेत्र के लिए जीवनरेखा साबित होगा।



### ग्रामीणों ने कहा कि विधायक आशाराम के प्रयासों से मिली स्वीकृति

#### ग्रामीणों ने जताई खुशी, माना आभार

पुल निर्माण की स्वीकृति मिलते ही कांकेर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इच्छापुर, घोटिया सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए आशाराम नेताम का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह परियोजना वर्षों पुरानी समस्या का समाधान करेगी। इससे आवागमन सुगम होगा, विकास को गति मिलेगी और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां भी मजबूत होंगी।

## कोहकाटोला में जमीन विवाद पर की हुई थी हत्या, आरोपियों को भेजा गया जेल

# रिटायर्ड शिक्षक हत्याकांड का 12 घंटे में खुलासा, 5 गिरफ्तार में दो अपचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- हत्या में उपयोग में लाए गए फावड़ा और पत्थर से बना धम्मस किया जब्त
- हत्या में शामिल दो आरोपी विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल

जमीन विवाद ने एक परिवार की खुशियों को हमेशा के लिए छीन लिया, लेकिन पुलिस की तत्परता ने यह साफ कर दिया कि कानून के हाथ लंबे होते हैं। महज 12 घंटे के भीतर हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेजने वाली पुलिस कार्रवाई को जिले में बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इस सनसनीखेज वारदात ने जहां ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया, वहीं पुलिस की तेज कार्रवाई ने आमजन में भरोसा भी मजबूत किया है।

जिले के नरहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोहकाटोला में जमीन विवाद को लेकर हुई निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस की सक्रियता, सूझबूझ और पेशेवर कार्यशैली का उदाहरण मानी जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 फरवरी को ग्राम कोहकाटोला निवासी मीना उईके ने थाना नरहरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उनके पति दयाराम उईके पुराने मकान को तोड़कर नए मकान के निर्माण की तैयारी कर रहे थे। इसी क्रम में निर्माण के लिए कॉलम गड्ढा खुदवाया गया था। सुबह करीब 6 बजे उनके छोटे देवर दयालू राम उईके अपने पुत्रों तथा दो नाबालिगों के साथ उनके घर पहुंचे और जमीन विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया।




### दम घुटने से हुई मौत

आरोप है कि आरोपियों ने दयाराम उईके के साथ बेरहमी से मारपीट की और उन्हें निर्माणाधीन गड्ढे में धक्का देकर गिरा दिया। इसी दौरान राघेन्द्र उईके ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त रापा से दयाराम के सिर पर जोरदार वार किया, जबकि पूनम उईके ने पत्थर से बने धम्मस से हमला किया। गंभीर चोटों के कारण दयाराम उईके मौके पर ही बेहोश हो गए। इसके बाद आरोपियों ने गड्ढे में मिट्टी और पत्थर डाल दिए, जिससे दम घुटने के कारण उनकी मौत हो गई।

### हत्या में शामिल थे पांच आरोपी

हत्या में चार आरोपी शामिल थे, जिसमें दो विधि से संघर्षरत बालक भी है। गिरफ्तार आरोपियों में 44 वर्षीय राघेन्द्र उईके, 47 वर्षीय पूनम उईके, 73 वर्षीय दयालू राम उईके शामिल हैं, जबकि इस मामले में दो विधि से संघर्षरत बालकों को भी हिरासत में लिया गया है। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा और पत्थर से बना धम्मस भी जब्त किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### बारह घंटे के अंदर आरोपियों को दबोचा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन तथा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना नरहरपुर पुलिस द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, आवश्यक साक्ष्य संकलित किए और चश्मदीदों से पूछताछ की। तकनीकी और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू की गई। पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर ग्राम कोहकाटोला में घेराबंदी कर चार वयस्क आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रतिबंधित नशीली टेबलेट एवं सिरप की बिक्री मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

उजियारा अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली कांकेर पुलिस ने अपराध क्रमांक 357/25 धारा 21, 22, 29 एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार आरोपी निमेश मेहरा पिता विनोद मेहरा उम्र 31 वर्ष, निवासी टिकरापारा को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।



कांकेर शहर में नशे के खिलाफ चल रहे उजियारा अभियान के सूखा नशा, प्रतिबंधित नशीली टेबलेट और सिरप की अवैध बिक्री में शामिल लोगों पर लगातार कार्यवाही कर रही है, उसी के तहत एक मामले में फरार आरोपी की जानकारी कांकेर पुलिस को 23 फरवरी को मिली। पुलिस को पता चला कि नए बस स्टैंड के पास फरार आरोपी मौजूद है। जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक मनोरथ जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई और बस स्टैंड क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा नशीली दवाइयों की खरीद-फरोख्त में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन जप्त किया गया। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। आरोपी पर कांकेर शहर में लाभ अर्जित करने की नियत से नशीली टेबलेट एवं सिरप की बिक्री में शामिल होने का आरोप है। यह कार्रवाई जिले में नशे के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

## नेमिनाथ भगवान के प्रतिष्ठा महोत्सव की भक्ति संध्या में श्रद्धा व आस्था का संगम





हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर में जैन समाज द्वारा आयोजित नेमिनाथ भगवान की भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव एवं भक्ति संध्या ने पूरे नगर को धर्म, भक्ति और उल्लास के रंग में रंग दिया। यह पावन आयोजन गणदिश पनयाश प्रवर विनय कुशल मुनि जी मासा आदि ठाना 03 के सानिध्य में हुआ, जिसमें नगर सहित आसपास के अनेक क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता किया।

प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत विधि-विधान से पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया तथा समाज की सुख-शांति, सद्भाव और समृद्धि की कामना की। जैन समाज के प्रबुद्धजनों ने आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट, पुष्पों और रोशनी से भव्य रूप दिया गया था। हर ओर गूंजते मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण ने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। प्रतिष्ठा में विधिकारक के रूप में प्रवीण चोरड़िया (मध्यप्रदेश) ने पूजा की समस्त क्रियाएं विधिवत संपन्न कराईं, वहीं संपूर्ण पूजा व्यवस्था में सुनील बुरड़ का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर आयोजित भव्य भक्ति संध्याने आयोजन को और भी स्मरणीय बना दिया। धमतरी की प्रसिद्ध ⏭ शेष पेज 10 पर

## पत्नी व बच्चों से मारपीट का मामाल गहराया, शिकायत पर मामला दर्ज

**कांकेर।** तलाक देने के बाद भी पत्नी के घर में रहने की बात को लेकर पति के साथ ससुराल पक्ष के लोगो ने महिला के साथ मारपीट किया। आरोपी पति द्वारा पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट से परेशान होकर महिला ने चारामा थाना में शिकायत दर्ज कराया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे शीतलापारा वार्ड क्रमांक 3 चारामा निवासी 35 वर्षीय लुमेश्वरी साहू पति अजय साहू ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी वर्ष 2012 में समाजिक रीतिरिवाज के साथ संपन हुआ है। 21 फरवरी को शाम लगभग 7 बजें पति अजय साहू पिता ने मेरे घर में रहते हो मै तुमको तलाक दे दिया हूं, फिर भी तुम लोग मेरे घर में रह रहे हो, मेरे घर से चले आओ बोलकर गली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। मेरी बच्ची 12 वर्षीय हर्षिता साहू व 10 वर्षीरू यश कुमार साहू के साथ भी मारपीट कर घर से निकल जाओ बोलकर गाली गलौज किया। मेरी सास कुमारी बाई साहू पति स्व. त्रिलोचन साहू, चाची सास सेवती बाई साहू पति रमा साहू व राहुल साहू के द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया गया है। घटना से मै ⏭ शेष पेज 10 पर

## व्यापारियों ने भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक पर आतिशबाजी को रोकने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

- ज्वलनशील सामग्री से भरी दुकानों में भीषण आग लग ने की आशंका बनी रहती है

नगर भानुप्रतापपुर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र मुख्य चौक में लगातार हो रही आतिशबाजी और पटाखा फोड़ने की घटनाओं ने व्यापारियों व आम नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में एक जलता हुआ पटाखा सीधे दुकान के भीतर जा गिरा, जिससे कुछ पल के लिए अफरा-तफरी मच गई। सौभाग्यवश समय रहते स्थिति संभल गई, लेकिन यदि थोड़ी भी चूक होती तो कपड़ा एवं अन्य ज्वलनशील सामग्री से भरी दुकानों में भीषण आग लग सकती थी। इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

व्यापारी संघ ने लगातार बढ़ते खतरे को देखते हुए एसडीएम, एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर मुख्य चौक सहित अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में पटाखा फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग किया है। ज्ञापन में बताया गया कि बीते 15 दिनों में ऐसी दो घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। व्यापारियों ने घटना का वीडियो साक्ष्य भी प्रशासन को सौंपा है और प्रतिबंध लगाने की मांग किया है। व्यापारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने को विवश होंगे। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है, जिससे व्यापारियों को शीघ्र समाधान की उम्मीद जगी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अनंत गोपाल कोठारी, राकेश रमानी, विशाल आहूजा, अंशुल जोशी, अनूप चौधरी, गौरव नशिने, हरीश शर्मा, रोशन शर्मा, अंकित बोथरा, प्रदीप नव्लानी, आनंद जैन, नरेश जैन, ललित गांधी, विक्की आहूजा, बलराम पंजाबी एवं प्रदीप जैन सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

### व्यापारी संघ की प्रमुख मांगें

व्यापारी संघ की प्रमुख माँगो में मुख्य चौक एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पटाखा फोड़ने पर तत्काल प्रतिबंध, नियमित पुलिस गश्त और सीसीटीवी निगरानी में वृद्धि, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई और सभी संगठनों व राजनीतिक दलों द्वारा सुरक्षा नियमों का अनिवार्य पालन की माँग रखी है।

### राजनीतिक दलों से भी की अपील

व्यापारी संघ ने प्रशासन व पुलिस के साथ-साथ नगर की सभी राजनीतिक पार्टियों को भी पत्र देकर आग्रह किया है कि किसी भी जुलूस, जीत या सार्वजनिक आयोजन के दौरान मुख्य चौक में आतिशबाजी न की जाए। उनका कहना है कि उत्सव के नाम पर की जा रही लापरवाही से न केवल व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नुकसान का खतरा रहता है, बल्कि राहगीरों और ग्राहकों की जान भी जोखिम में पड़ जाती है।

## दूरी और आर्थिक बोझ से राहत के लिए हाहालद्दी में नई राशन दुकान की मांग

# राशन के लिए ग्रामीण पांच-सात किमी की यात्रा करने को मजबूर, जनप्रतिनिधि मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत आने वाले गांव हाहालद्दी एवं भुरकागुदुम के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधा के लिए लंबी दूरी तय करने को मजबूर हैं। इन दोनों गांवों के लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मिलने वाला राशन प्राप्त करने के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से इस दूरी के कम होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने उनकी इस जायज मांग पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया है।

ग्रामीणों के अनुसार हाहालद्दी के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए लगभग 5 किलोमीटर दूर दुर्गूकोंदल जाना पड़ता है, वहीं भुरकागुदुम के लोगों को करीब 7 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है।



सीमित साधनों के कारण अधिकांश ग्रामीण अपने साधन से या इस मार्ग में चलने वाली टैक्सी से यह दूरी तय करते हैं, जिससे उन्हें समय, श्रम और पैसे तीनों का नुकसान उठाना पड़ता है। हाहालइद्दी गांव की जनसंख्या लगभग 500 के आसपास है, जबकि भुरकागुदुम की जनसंख्या करीब 200 बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी आबादी होने के बावजूद आज तक उनके गांव में उचित मूल्य की राशन दुकान नहीं खोली गई, जो विभाग की उदासीनता को दर्शाता है। ग्रामीण बताते हैं कि राशन लेने के लिए कई बार मजदूरी छोड़नी पड़ती है, जिससे उनकी रोजी-रोटी प्रभावित होती है। बुजुर्ग, महिलाएं और बीमार लोगों को तो दूसरों के सहारे राशन लाना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार मौखिक रूप से अपनी समस्या जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखी, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। ग्रामीणों को यह दूरी कम होने का इंतजार लंबे समय से है, परंतु अभी तक उनकी मांग अनसुनी ही बनी हुई है।

### ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपते हुए माँग किया है कि हाहालद्दी ग्राम में नई राशन दुकान खोली जाए, जिससे हाहालद्दी के साथ-साथ भुरकागुदुम गांव के लोगों को भी राहत मिल सके। इससे न केवल दूरी की समस्या खत्म होगी, बल्कि समय और आर्थिक बोझ से भी ग्रामीणों को निजात मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### अभिभावकों को किया प्रशिक्षित



**कांकेर।** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत शालाओं में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार बीआरसी भवन में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स दीपक सोनवानी एवं सरोज पाण्डेय ने अभिभावकों को समावेशी शिक्षा के महत्व, दिव्यांग बच्चों के अधिकार, संवेदनशीलता विकास, मार्गदर्शन, पाठ्यक्रम अनुकूलन, कक्षा रणनीतियाँ तथा सहायक उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। प्रशिक्षण में कांकेर, चारामा व नरहरपुर विकासखण्डों के अभिभावक शामिल हुए।

### परीक्षार्थियों का पेन और गुलाल से किया सम्मान



**बासनवाही।** हाई स्कूल बासनवाही में 10 वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षार्थियों का विशेष स्वागत किया गया। शिक्षकगण ने विद्यार्थियों को पेन और गुलाल देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें परीक्षा में सफलता की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों के उत्साह और मनोबल को बढ़ाने के लिए यह अनूठा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जो उनके आत्मविश्वास को और भी मजबूत करेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और परीक्षा में अच्छे परिणाम लाने का संकल्प लिया।

### चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र किया जारी

**कांकेर।** कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास शाखा द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 वीं प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली चयन परीक्षा-2026 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। चयन परीक्षा का आयोजन आगामी रविवार 01 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न विकासखंडों में परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं।

### सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए स्वीकृत कार्य निरस्त

**कांकेर।** अलबेलापारा कांकेर में डड़सेना कलार समाज भवन के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद अंतर्गत स्वीकृति मिलने तथा प्रथम किश्त की राशि 02 लाख 46 हजार 500 रूपए प्रदाय किए जाने के फलस्वरूप वर्ष 2022-23 में छत्तीसगढ़ ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्य को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा निरस्त किया गया है। चूँकि उक्त कार्य के लिए पूर्व में स्वीकृति मिल चुकी है।

### 10 लीटर कच्ची शराब जब्त, युवक पकड़ाया

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने अवैध महुआ शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बरदेभाठा क्षेत्र में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि बरदेभाठा में एक व्यक्ति हाथ भट्ठी से बनी देशी महुआ शराब बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। जानकारी की तस्दीक पर पुलिस टीम 23 फरवरी को मौके पर पहुंची। मौके पर आरोपी ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### पिकअप व बाइक की टक्कर बाइक चालक की हुई मौत

फरसगांव। नेशनल हाईवे 30 मांझीआठगांव में रविवार की शाम पिकअप वाहन और बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि बाइक पिकअप वाहन के नीचे घुस गई। हादसे में



बाइक चालक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। मृतक की पहचान नही होने पर फरसगांव पुलिस ने शव को चीरघर में रखवा कर पता तलास में जुटी। पुलिस ने मृतक की पहचान ग्राम आलोर परछीपारा निवासी विकेश कोर्राम पिता बुधराम कोर्राम के रूप में की है। परिजनों के अनुसार विकेश कोर्राम अपने ग्लैमर बाइक क्रमांक सीजी 27 एम 2770 में दोपहर में बेडमा मेला देखने गया हुआ था। शाम को मेला से घर वापस आने के दौरान मांझीआठगांव में पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 27 क्यू 8260 के साथ बाइक की टक्कर हो गई।

### राकेश बने यादव समाज युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

फरसगांव। कोण्डागांव जिले में चिखलपुटी में स्तिथ यादव समाज के नंदकिला भवन में यादव समाज के कार्यकारणी का गठन किया गया। साथ ही युवा प्रकोष्ठ, कर्मचारी



प्रकोष्ठ, विधि प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया। यादव समाज मे युवा प्रकोष्ठ के लिए राकेश यादव को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। समाज के द्वारा राकेश यादव (फूपगांव) को युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नव मनोनीत युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि समाज द्वारा उन्हें काफी बड़ी जिम्मेदारी दी है, उन्होंने समाज के प्रमुख के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से जिले में समाज के सभी प्रमुख से मिलकर एक सशक्त संगठन तैयार किया जाएगा।

# जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने बेहतर समन्वय करें स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा द्वारा शुक्रवार को जिला कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की विभिन्न घटनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

संयुक्त बैठक में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत किया जाए, ताकि किसी भी आपातकालीन या संवेदनशील स्थिति की त्वरित जानकारी प्राप्त हो सके।

## कानून व्यवस्था को लेकर कलेक्टर-एसपी ने ली संयुक्त बैठक



### मैदानी अमले को सतर्क रहने के निर्देश

कलेक्टर एवं एसपी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में मैदानी अमले की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क एवं जागरूक रहते हुए किसी भी घटना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आगामी त्यौहारों एवं विभिन्न मेलों के आयोजन को ध्यान में रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारियों एसडीएम को शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए, ताकि आपसी समन्वय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, एसडीएम अजय उरांव, अश्वन पुसाम, आकांक्षा नायक सहित सभी एसडीओपी एवं तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## मर्दापाल में मंत्री पहुंचे मड़ई मेला, भंगाराम मंदिर में की पूजा-अर्चना

# 2.18 करोड़ के विकास कार्यों की वनमंत्री कश्यप ने दी सौगात, किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

वन मंत्री केदार कश्यप ने आज मर्दापाल में भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रवासियों को 2 करोड़ 18 लाख 47 हजार रुपये की लागत से स्वीकृत 36 विकास कार्यों की सौगात दी। भूमिपूजन कार्यक्रम से पूर्व वन मंत्री ने ग्राम मर्दापाल में आयोजित पारंपरिक माघ मड़ई मेला में पहुंचकर भंगाराम मंदिर में पूजा–अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री श्री कश्यप ने समस्त ग्रामवासियों को भंगाराम माता मावली माघ मड़ई मेला की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विकास एवं शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

■ ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकता : केदार




### विभागीय स्टॉलों का किया अवलोकन

वन मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पंचायत विभाग सहित उद्यानिकी, पशुधन, जल संसाधन, श्रम, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। वन मंत्री द्वारा मर्दापाल क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आधारभूत संरचना सु–दृढ़ीकरण एवं सामुदायिक सुविधाओं के विस्तार के लिए कुल 218.47 लाख रुपये की लागत से 36 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

वन मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन के अंतर्गत विकसित भारत जी–राम–जी योजना को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। इस योजना के तहत ग्रामीणों को अब 125 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा तथा एक सप्ताह के भीतर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। जनपद पंचायत अध्यक्ष अनिता कोर्राम ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा ग्रामीणों से योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने का आह्वान किया।

### इन निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

इन विकास कार्यों में सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच, आंगनबाड़ी भवन, अटल सद्भावना भवन, सीसी सड़क सह नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, पंचायत भवन एवं स्वास्थ्य केंद्रों में शेड निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित होंगे।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य यशोदा कश्यप, सरपंच जयंती कश्यप, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुलमुला वन परिक्षेत्र में साल वनों की हो रही अंधाधुंध कटाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव/कोंडागांव

वनमण्डल अंतर्गत आने वाले वनों की सुरक्षा सिर्फ कागज़ों में ही चल रही है।जमीनी सच्चाई काफी अलग है, हाल में मुलमुला वन परिक्षेत्र में सप्ताह भर पहले हुए साल वनों की अंधाधुंध कटाई ने विभाग की पोल खोल दी है। मुलमुला परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोंगरसिलाटी से लगे वन क्रमांक 284 में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हुई है,स्थानीय लोगों ने बताया जिस जगह बड़े पैमाने पर पेड़ो की कटाई हुई है वहां पर साल भर पहले ही विभाग ने जल संरक्षण का कार्य करवाया था। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना इतने बड़े

■ वन क्रमांक 284 में चार से पांच हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित होने का दावा



पैमाने पर पेड़ों की कटाई असंभव है। साल भर पहले ही वन विभाग ने जल संरक्षण के लिए गड्ढे खुदवाए थे और वनों के किनारे सीपीटी नाली खुदवाई थी, लेकिन अब उसी जगह पर पेड़ों की कटाई हो रही है।वन विभाग का मैदानी अमला तकरीबन चार से पांच हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्थित पेड़ों की कटाई का दावा कर रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारी अधिकृत बयान देने से बच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई नहीं हो सकती है।

### बयान देने से बच रहे अधिकारी

इस मामले में वन विभाग के फारेस्ट गार्ड से लेकर मुलमुला के परिक्षेत्र अधिकारी तक अधिकृत बयान देने से बच रहे हैं। अधिकारी दबी ज़ुबान में स्वीकार रहे हैं कि मामले में प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है,पर कार्यवाही को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे, साथ ही अब तक पेड़ काटने वालों और अतिक्रमणकारियों को संरक्षण देने वाले विभागीय कर्मियों पर किसी तरह की कोई ठोस कार्रवाई की विभागीय पुष्टि नहीं हुई है।

# सिहारी में मोबाइल नेटवर्क की समस्या, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहारी में लंबे समय से बनी मोबाइल नेटवर्क समस्या को लेकर ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आए दिन मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह ठप हो जाता है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि नेटवर्क नहीं होने के कारण राशन वितरण व्यवस्था, ऑनलाइन पढ़ाई, शासकीय योजनाओं की जानकारी, बैंकिंग कार्य एवं आपातकालीन संपर्क जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। विशेषकर विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति में संपर्क नहीं हो पाने से ग्रामीणों में चिंता बनी रहती है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में भी इस समस्या को लेकर शासन-प्रशासन से मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मर्रामपानी क्षेत्र को उपलब्ध कराए गए बीएसएनएल मोबाइल नेटवर्क को शीघ्र ही सिहारी पंचायत में भी मुहैया कराया जाए, ताकि गांव के लोग संचार सुविधा से वंचित न रहें। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो सिहारी गांव के नागरिक आंदोलन एवं धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच राम गावड़े, सर्व आदिवासी समाज के जिला प्रवक्ता दीपक कल्लो, कृष्णा कल्लो, अजित गावड़े, ईश्वर जैन, किशोर दीवान, देसा राम, अरविंद कुमार, सुरेन्द्र कुमार, संदीप सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सरोना के छह साल के सिब्तैन ने रोज रखकर अकीदत व सब्र की दी मिसाल

सरोना। पवित्र रमजान माह में जहां बड़े-बुजुर्ग इबादत और रोजो के जरिए अल्लाह की रहमतें हासिल करने में जुटे हैं, वहीं ग्राम सरोना के एक नन्हे बच्चे ने अपनी अकीदत और हिम्मत से सबका दिल जीत लिया। सरोना निवासी आसिफ मेमन के छह वर्षीय पुत्र सिब्तैन रजा ने कम उम्र में पूरा दिन रोजा रखकर प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। परिवार के सदस्यों के अनुसार बच्चे ने पूरे उत्साह और खुशी के साथ रोजा रखा और इफ्तार के समय दुआएं मांगते हुए रोजा खोला। परिजनों ने बताया कि सिब्तैन रजा बचपन से ही धार्मिक माहौल में पले-बढ़े हैं। घर में रमजान के दौरान होने वाली इबादत, नमाज और कुरआन की तिलावत का उन पर गहरा असर पड़ा है। यही कारण है



कि उन्होंने स्वयं रोजा रखने की इच्छा जाहिर की। शुरुआत में परिवार को थोड़ी चिंता थी कि इतनी कम उम्र में वह पूरा दिन कैसे निभाएंगे, लेकिन सिब्तैन ने अपने मजबूत इरादे से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे नन्हे रोजेदार समाज के लिए प्रेरणा हैं और आने वाली पीढ़ी को अपनी आस्था और परंपराओं से जोड़े रखने का संदेश देते हैं।

# सेन समाज की संयुक्त बैठक में कई मुद्दों पर किया गया विचार-विमर्श

धनेलीकन्हार। श्रीवास सेन समाज, चंदापारी सेन समाज, झरीयापार सेन समाज व ढेरी पार सेन समाज की संयुक्त बैठक कांकेर ब्लाक के ग्राम नथीया नवागांव में 21 फरवरी को चंदापारी सेन भवन में आयोजित की गई। पुर्व में हुए ग्राम लखनपुरी की बैठक में नियम विरुद्ध जिला पदाधिकारियों के गठन व कई आपत्ति जनक कार्यो पर असंतोष जताते हुए गहन विचार मंथन के पाश्चात्य सर्व सहमति से जिला सर्व सेन समाज ग्रामीण का गठन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सभी फिरकों के दो दो लोगों को सदस्य बनाने का निर्णय



लिया गया। ये सदस्य आगामी बैठक की तिथि तय करने के साथ संगठन चुनाव की रणनीति भी तय करेंगे। नवनिर्मित जिला सर्व सेन समाज कांकेर ग्रामीण के लिए श्रीवास सेन समाज परिक्षेत्र से मुकेश सेन, जगदीश सेन, श्रीवास सेन समाज परिक्षैत्र चरामा से कमलेश सेन, रुद्र कुमार सेन चंदापारी ग्रामीण से वेदराम सेन व टिकेश्वर सेन झरियापार से बंशी लाल सेन व बनवारी कौशिक, ढेडीपार पवन सेन व ओमप्रकाश सेन का चयन किया गया। इस अवसर पर सर्व सेन समाज के पुर्व जिला अध्यक्ष कैलाश सेन, चंदापारी सेन समाज के संरक्षक प्रभु राम शांडिल्य, सर्व सेन समाज के पर्व सचिव प्रदीप कौशिक, श्रीवास सेन समाज परिक्षेत्र कांकेर के अध्यक्ष शैलेंद्र कौशिक, सर्व सेन समाज के पुर्व जिला अध्यक्ष राधेश्याम शांडिल्य, सर्व सेन समाज के पुर्व सहसचिव हरिशंकर सेन, दयालु राम सेन, अनिल सेन, रमेश कौशिक, संदीप कौशिक, लिलेश सेन, बसंत सेन, चमन सेन, प्रकाश सेन, धासी राम सेन, महेंद्र शांडिल्य, संतोष शांडिल्य, लखन शांडिल्य, रामेश्वर सेन, किशोर सेन, राजेश सेन, अवध सेन, विष्णु सेन, ब्रम्हा लाल सेन, कृष्णा श्रीवास, मिस्त्री लाल सेन, माखन कौशिक, मनीष सेन सहित समाजिक जन उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर तिजूराम को मिली मानद उपाधि

कांकेर। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नेपाल-भारत मैत्री को सशक्त करने, देवनागरी लिपि के संरक्षण एवं संवर्धन तथा हिंदी9नेपाली जैसी मैत्री भाषाओं के वैश्विक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से 21 फरवरी को एक भव्य साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से कांकेर जिले के अंतागढ़ विकासखंड क्षेत्र के साहित्यकार एवं समाजसेवी तिजूराम बघेल ने सहभागिता की। आयोजित कार्यक्रम में 17 वर्षीय बाल कवि से लेकर 86 वर्षीय वयोवृद्ध रचनाकारों तक की उल्लेखनीय सहभागिता रही। नेपाल, भारत, अमेरिका, मॉरीशस, तंजानिया एवं चीन जैसे देशों के साहित्यकारों एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर लगभग एक हजार साहित्यिक एवं शैक्षिक प्रतिभाओं को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि एवं मातृभाषा गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान तिजूराम बघेल को उनके निरंतर साहित्यिक शोध, सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों तथा विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं में सक्रिय भूमिका के लिए मातृभाषा रत्न मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नेपाल की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। वे अखिल भारतीय साहित्यकार संघ की युवा टीम के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सुरेवाही परगना के साहित्य प्रभारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी अनेक साझा संकलन कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं और साहित्यिक जगत में उनकी निरंतर सक्रियता बनी हुई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु ने मातृभाषाओं को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष जोर दिया।

## वर्ल्ड थिंकिंग डे के 100 वर्ष पूर्ण कब-बुलबुल दल का हुआ गठन

कांकेर। भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ कांकेर के तत्वावधान में वर्ल्ड थिंकिंग डे के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जेएस पब्लिक स्कूल कोड़ेजुंगा में कब-बुलबुल के साथ भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले का पहला कब-बुलबुल दल औपचारिक रूप से गठित किया गया, जिसे शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।
कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउट आंदोलन के संस्थापक लॉर्ड बेडन पावेल एवं लेडी बेडन पावेल के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला आयुक्त स्काउट केजूराम सिन्हा ने स्काउट-गाइड आंदोलन को अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व विकास का सशक्त माध्यम बताते हुए बच्चों को राष्ट्रनिर्माण की दिशा में प्रेरित



किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय संचालक सुमित जायसवाल ने जिले के प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कब-बुलबुल दल की स्थापना को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

### आईएनएस कुरुसुरा पनडुब्बी संग्रहालय में जाना नौसेना का इतिहास

# बिंजोली डोंगरीगुड़ा के बच्चों ने समुद्र की लहरों के बीच जाना नौसेना का शौर्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले के विकासखंड माकड़ी अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बिंजोली, डोंगरीगुड़ा के छात्र–छात्रओं को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने के उद्देश्य से आंध्र प्रदेश के तटीय शहर विशाखापत्तनम का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह यात्र बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ–साथ जीवन भर याद रहने वाला अनुभव साबित हुई।

■ शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को मिला नया अनुभव

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय नौसेना के गौरवशाली इतिहास को करीब से जाना और आईएनएस कुरुसुरा पनडुब्बी संग्रहालय का अवलोकन किया। यहां बच्चों ने समुद्र की गहराइयों में देश की रक्षा करने वाली पनडुब्बियों की कार्यप्रणाली और नौसेना के साहसिक अभियानों की जानकारी प्राप्त की।



### विशाखा संग्रहालय और स्थानीय संस्कृति से परिचय

विशाखा संग्रहालय में बच्चों ने क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत को देखा। इस दौरान शिक्षकों ने इतिहास और संस्कृति से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं करीके से समझाया, जिससे विद्यार्थियों की जिज्ञासा और ज्ञान दोनों में वृद्धि हुई।

### ऋषिकोंडा और आरके बीच पर सीखा पर्यावरण संरक्षण का महत्व

ऋषिकोंडा और आरके बीच पर बच्चों ने समुद्री पर्यावरण, तटीय पारिस्थितिकी तंत्र और बंदरगाहों की भूमिका के बारे में जानकारी प्राप्त की। कैलाशगिरी की पहाड़ियों से शहर का विहंगम दृश्य देखकर बच्चे अत्यंत उत्साहित नजर आए।

### शिक्षकों के मार्गदर्शन में अनुशासित और सफल यात्रा

प्रधान अध्यापक भोलानाथ सूर्यवंशी एवं शिक्षक संतोष कुमार पोर्ते के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अनुशासन के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया। शिक्षकों ने बच्चों को प्रकृति, समुद्र और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

### सामुदायिक सहयोग से संभव हुआ निःशुल्क शैक्षणिक भ्रमण

ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने स्कूल स्टाफ की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सवांर्गीण विकास के लिए मील का पत्थर बताया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रंजीत बघेल सहित मोहन, हरि बघेल, रतिराम, नीलाबर, दुलमा, दशमी, जयमनी, मूंगाय, सरस्वती और चंपा के सहयोग से बच्चों के लिए यह निःशुल्क शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कुएमारी कैंप का एसपी ने किया औचक निरीक्षण, जवानों का लगाया गया दरबार

कोण्डागांव। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा द्वारा थाना केसकाल क्षेत्र अंतर्गत स्थित कुएमारी कैंप एवं प्रस्तावित नवीन थाना भवन कुएमारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कैंप की व्यवस्थाओं, सुरक्षा तैयारियों एवं जवानों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कैंप में मौजूद सीएएफ बटालियन की बी कंपनी एवं जिला बल के जवानों का दरबार लेकर उनकी व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जवानों की समस्याओं, मांगों एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि और कुशलक्षेम के बारे में भी जानकारी ली। एसपी श्री चंद्रा ने अधिकारी–कर्मचारियों को उनके बच्चों की शिक्षा से जुड़ी शासन एवं पुलिस प्रशासन की योजनाओं की जानकारी दी। हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी एवं उच्च शिक्षा से संबंधित सुविधाओं और अवसरों के बारे में विस्तार से बताया गया। निरीक्षण के दौरान कैंप में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्य योजना की सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को पुरस्कृत करने के लिए उचित इनाम की अनुशंसा भी की गई। अंत में पुलिस अधीक्षक ने सीएएफ एवं जिला बल के जवानों को शाबाशी देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।

## पेज 9 के शेष

### नेमिनाथ भगवान ...

गायिका निधि ललवानी एवं विधि ललवानी ने मधुर भजनों से श्रोताओं का मन मोह लिया, जबकि गायक श्रेयांश नाहटा ने समस्त पूजा विधि में अपने सुमधुर गायन से आध्यात्मिक वातावरण को और सशक्त किया। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। आयोजित कार्यक्रम में कांकेर, दल्ली, राजनंदगांव, रायपुर, केशकाल, पंडरिया, कोंडागांव सहित अनेक क्षेत्रों से समाजजनों का आगमन हुआ। भानुप्रतापपुर व संबलपुर श्री संघ की महिलाओं, बच्चों और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जैन समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, आपसी भाईचारे और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं।

### पत्नी व बच्चों से ...

एवं मेरे बच्चे काफी परेशान है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कुमारी बाई साहू , सेवती बाई साहू व राहूल के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### 10 लीटर कच्ची...

बरदेभाठा निवासी 27 वर्षीय अक्षय कुमार मंडावी उर्फ को पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक प्लास्टिक जरीकैन में लगभग 10 लीटर हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब तथा 100 रुपएं नगद बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### राजपूत बने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक



**बस्तर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर के चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक का दायित्व डॉ. व्हीएस राजपूत को मिली। उन्होंने इस दौरान कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर विश्वास करते हुए बस्तर जिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक का नई दायित्व देने के लिए शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप और प्रदेश संयोजक डॉ. देवेंद्र कश्यप सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी के द्वारा नए दायित्व को पूरी निष्ठा एवं ऊर्जा के साथ पार्टी के कार्य को आगे गति देने की पूरी कोशिश करूंगा।

### ककनार में लगी वीबी जी राम जी जन चौपाल



**लोहंडीगुड़ा।** जी राम जी के तहत आज जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के ग्राम पंचायत चंदेला में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप द्वारा चौपाल लगाकर योजना के प्रावधानों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि कृषि कार्य के व्यस्त समय में दो माह तक योजना के कार्य बंद रखे जाएंगे ताकि किसानों को खेती-बाड़ी में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही 125 रोजगार दिवस की विशेष व्यवस्था की भी जानकारी दी गई, जिससे ग्रामीणों को अधिकाधिक लाभ मिल सके। इस निर्णय को लेकर ग्रामीणों में हर्ष एवं संतोष का माहौल देखा गया। मंडल अध्यक्ष मंगतू राम कश्यप ने भी जी राम जी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान किया साथ ही केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सरपंच चंदेला तुलाराम नाग, सुखचंद ठाकुर, संवेद्र सेठिया, चन्द्र शेखर ठाकुर, करण सेठिया, रैसिंह ठाकुर, सकाराम, बलिबघेल, संतु रामकश्यप सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की परख : मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

# बीजापुर अब सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर : अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी नायक ने अपने प्रवास के दौरान बीजापुर के विभिन्न शैक्षणिक एवं पुनर्वास संस्थानों का औचक निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता, पौष्टिक आहार एवं उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया।

■ बाल देखरेख संस्थान में आत्मीय संवाद

अध्यक्ष गिरधारी नायक ने बाल देखरेख संस्थान पहुंचकर यहां दर्ज बच्चों की पारिवारिक पृष्ठभूमि की जानकारी ली। उन्होंने बेसहारा बच्चों को शिक्षा, पोषण एवं बेहतर जीवन उपलब्ध कराने के प्रयासों के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। बच्चों से संवाद करते हुए संस्थान में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान बच्चों ने अपने हाथों से बनाए गुलदस्ते भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। बच्चों ने एक स्वर में पढ़-लिखकर आगे बढ़ने और जीवन में सफल बनने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### शैक्षणिक गुणवत्ता की समीक्षा

एजुकेशन सिटी स्थित कन्या शिक्षा परिसर में अध्यक्ष ने छात्राओं से हिंदी एवं अंग्रेजी की पुस्तकों का वाचन कराया। छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ न केवल पाठ पढ़ा बल्कि उसकी व्याख्या भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की। उन्होंने छात्राओं की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया।

### समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

इसी परिसर में स्थित समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में उन्होंने दिव्यांग बच्चों के साथ समय बिताया और उनकी गतिविधियों का अवलोकन किया। भोजन व्यवस्था, शयन कक्ष, संवेदी कक्ष, फिजियोथेरेपी कक्ष सहित विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास के लिए संवेदनशील एवं समावेशी वातावरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

### बच्चों के हौसले से अभिभूत

शैक्षणिक संस्थानों के बच्चों के बुलंद हौसले और आत्मविश्वास से अभिभूत होकर अध्यक्ष ने कहा कि वर्षों से अशिक्षा और माओवाद के अंधेरे से जूझता रहा बीजापुर अब सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर है। बच्चों के मानव अधिकारों की रक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण से जिले में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि अब बीजापुर विकसित बीजापुर की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### पुनर्वासित युवाओं से संवाद कर बढ़ाया उत्साह



छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी नायक ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान बीजापुर स्थित पुनर्वास केंद्र का दौरा कर पुनर्वासित युवाओं से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से खुलकर संवाद किया और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी ली। संवाद के दौरान युवाओं ने नक्सल संगठन में रहने के दौरान उत्पन्न कठिनाइयों और चुनौतियों को साझा किया। अध्यक्ष ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए वर्तमान में मिल रही सुविधाओं, सुरक्षा, कौशल प्रशिक्षण एवं आजीविका के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मुख्यधारा में लौटने का निर्णय साहस और आत्मविश्वास का प्रतीक है, जो न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन बल्कि समाज के लिए भी सकारात्मक संदेश देता है। अध्यक्ष ने मानव अधिकारों के दृष्टिकोण से पुनर्वासित युवाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की तथा सरकार द्वारा संचालित पुनर्वास एवं स्वरोजगार योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का मूल्यांकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुनर्वासित युवाओं को कौशल विकास, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने में किसी प्रकार की कमी न रहे। इस दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा और पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने पुनर्वास प्रक्रिया, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष गिरधारी नायक ने युवाओं को मुख्यधारा में लौटने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि शासन-प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने युवाओं से आत्मनिर्भर बनकर समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। पुनर्वास केंद्र में यह संवाद कार्यक्रम आशा, विश्वास और सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त संदेश देने वाला रहा।

### बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सभी का मौलिक अधिकार



बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है इस संदेश के साथ छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी नायक ने जिला अस्पताल बीजापुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने ओपीडी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, एक्स-रे, सोनोग्राफी एवं पैथोलॉजी लैब सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले की उपलब्धता की जानकारी ली और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि डीएमएफ एवं एनएचएम के सहयोग से विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में आमजन को सुगमतापूर्वक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। अध्यक्ष ने अस्पताल परिसर में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां गंभीर कुपोषित बच्चों को विशेष निगरानी में रखकर उपचार एवं पोषण आहार के माध्यम से कुपोषण से बाहर लाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की देखभाल, भोजन व्यवस्था एवं स्वास्थ्य निगरानी व्यवस्था की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी, सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहे।

### उप जेल व कोतवाली थाना का लिया जायजा



मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष ने उप जेल पहुंचकर निरुद्ध बंदियों से सीधे संवाद किया और उनके जेल तक पहुंचने के कारणों की जानकारी ली। बातचीत के दौरान अधिकांश बंदी नक्सल गतिविधियों से जुड़े पाए गए। नायक ने उनकी शैक्षणिक योग्यता एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी ली, जिसमें बड़ी संख्या में बंदी कम पढ़े-लिखे या अशिक्षित पाए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अशिक्षा के कारण कई लोग भटककर गलत रास्ता अपना लेते हैं। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए बंदियों को सुधार और पुनर्वास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बंदियों ने भी शिक्षा के महत्व को स्वीकार करते हुए सकारात्मक जीवन की ओर बढ़ने की इच्छा जताई। निरीक्षण के दौरान जेल में उपलब्ध भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली गई। इसके पश्चात अध्यक्ष नायक ने कोतवाली थाना बीजापुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली, शिकायत निवारण व्यवस्था, आगंतुकों को मिलने वाली सुविधाओं तथा दर्ज एवं निराकृत प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। थाना परिसर के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि नागरिकों के मानव अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा न्याय प्रक्रिया में निष्पक्षता बनी रहे। इस दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# जनगणना अधिकारियों- कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ जनगणना की विभिन्न प्रक्रियाओं को गंभीरता से समझने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में 1 मई से 30 मई की अवधि में संपादित किया जाना है जिसके लिए राज्य शासन द्वारा जनगणना से संबंधित नोडल अधिकारियों, कर्मचारियों को 23 फरवरी से 24 फरवरी तक 2 दिवसीय प्रशिक्षण एवं 15 मार्च को 1 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम समय प्रातः 10:30 से सायं 5 बजे दिए जाने के निर्देश दिए गए। इस क्रम में आज मास्टर ट्रेनर्स द्वारा डंकनी सभाकक्ष में डिजिटल उपकरणों का परिचय, सीएमएमएस मॉड्यूल पर संक्षिप्त विवरण, मकान सूचीकरण ब्लॉक पर्यवेक्षी सर्कल की भू-नक्शा मकान सूचीकरण ब्लॉक पर्यवेक्षी सर्कल आवंटन, एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके डेटा संग्रह, स्व-गणना प्रक्रिया राज्य, जिला, चार्ज अधिकारियों द्वारा डेटा गुणवत्ता की निगरानी ग्रामीण, नगरीय, चार्ज रजिस्टरों का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण संक्षिप्त मकान सूची, मकानों की सूची का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण प्रिंटिंग एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधन जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, मोबाइल एप्लिकेशन और इसकी राज्य, जिला, चार्ज अधिकारियों डेटा, चार्ज रजिस्टरों का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण मकान सूची मकानों की सूची का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण लॉजिस्टिक्स प्रबंधन जिला जनगणना हस्तपुस्तिका मोबाइल एप्लिकेशन और इसकी प्रक्रिया स्व-गणना डेटा को प्रगणक द्वारा फील्ड में सत्यापन के संबंध में नोडल अधिकारियों को विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर उपस्थित कलेक्टर देवेष कुमार ध्रुव ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चूंकि इस बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम में संपादित की जावेगी। अतः इसे देखते हुए सभी नोडल इससे संबंधित सभी प्रावधानों नियम का भली भांति जानकारी लें और इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर मास्टर ट्रेनर को अवगत कराते हुए समाधान प्राप्त करें। चूंकि जनगणना कार्यक्रम में भागीदारी राष्ट्रीय कर्तव्य है। अतः हमें यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि प्रगणक स्तर से लेकर सभी जिला एवं चार्ज अधिकारी परस्पर समन्वय और उत्तरदायित्व से अपनी भूमिका निभाएं। इस प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण के अन्तर्गत मकान सूचीकरण, और मकानों की गणना छत्तीसगढ़ एक मई से 30 मई तक किया जाएगा। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स संतोष कुमार, नसीम अहमद, अशोक कुमार, सहित जिला स्तर से जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एक जनगणना लिपिक, नगरीय मुख्य नगरपालिका अधिकारी, उपस्थित थे।

# अंजू पाथरे बनीं सिविल जज

### दंतेवाड़ा की आदिवासी बेटी ने बढ़ाया जिले का मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले की आदिवासी बेटी अंजू पाथरे का सिविल जज के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस सफलता से पूरे जिले में खुशी का माहौल है। सीमित संसाधनों और कई कठिनाइयों के बीच लगातार मेहनत करते हुए अंजू ने यह मुकाम हासिल किया और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गईं।

अंजू पाथरे ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर से बीकॉम एलएलबी की डिग्री हासिल की तथा डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर से मास्टर डिग्री प्राप्त की। उनके पिता हीरावत राम पाथरे पुलिस विभाग में एएसआई के पद पर थाना अरनपुर में पदस्थ हैं, जबकि माता अनिता पाथरे गृहिणी हैं। उनकी बड़ी बहन योगिता पाथरे नायब तहसीलदार के पद पर भानुप्रतापपुर में कार्यरत हैं। परिवार के सहयोग और मार्गदर्शन को अंजू ने अपनी सफलता का श्रेय दिया है। अंजू का यह चौथा प्रयास था। इससे पहले तीन बार इंटरव्यू तक पहुंचने के बावजूद उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार पढ़ाई जारी रखी। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनके आत्मविश्वास और मेहनत ने आखिरकार उन्हें सफलता दिलाई। अंजू पाथरे की इस उपलब्धि पर जिले के लोगों ने खुशी जताई है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों, खासकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

---

# 24 वर्षों बाद गूंजे वैदिक मंत्र, राम मंदिर में प्रारंभ हुई श्रीराम पूजा

रिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

■ राम भक्तों ने आयोग सदस्य दीपिका शोरी से की हैंडपंप मांग

नक्सल आतंक के कारण लगभग 24 वर्षों से बंद पड़े पोलमपल्ली के ऐतिहासिक राम मंदिर में एक बार फिर भक्ति की ज्योति प्रज्वलित हो उठी। लंबे अंतराल के बाद वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ-हवन और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। वर्षों से सूना पड़ा यह मंदिर अब पुनः श्रद्धा, आस्था और सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक बनकर उभरा है।



बताया जाता है कि नक्सल प्रभाव और विरोध के चलते सुकमा जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में सनातन धर्म से जुड़ी गतिविधियाँ लगभग ठप हो गई थीं। सलवा जुडूम के समय यह मंदिर बंद हो गया था और तब से यहां नियमित पूजा-अर्चना नहीं हो पा रही थी। परंतु अब केंद्र और राज्य सरकार की सशक्त नक्सल-विरोधी कार्यवाहियों के परिणामस्वरूप क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का वातावरण निर्मित हुआ है। इसी सकारात्मक परिवेश में पोलमपल्ली के राम मंदिर में पुनः पूजा प्रारम्भ होना एक ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षण बन गया। पूजा-अर्चना का शुभारंभ वैदिक विधि-विधान से किया गया। यज्ञ-हवन के साथ मंत्रोच्चार कर रामभक्तों ने प्रभु श्रीराम से क्षेत्र में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। पूरा पोलमपल्ली उस समय भक्ति रस में डूब गया जब हनुमान चालीसा और श्रीराम की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर रहे थे। वर्षों बाद ऐसा दृश्य देखने को मिला, जब ग्रामीणों की आंखों में आस्था के साथ-साथ संतोष और गर्व भी झलक रहा था।

### दीपिका शोरी ने किया प्रेरित

हमेशा सनातन धर्म के कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली आदिवासी नेत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी भी अपने समर्थकों के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचीं। मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही उनका भावुक रूप देखने को मिला। उन्होंने श्रद्धा से प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना की और यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र की शांति और उन्नति की कामना की। विशेष बात यह रही कि दीपिका शोरी ने स्वयं हनुमान चालीसा का पाठ किया। जब वे रामदेव नाग के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हनुमान चालीसा पढ़ रही थीं, तब सैकड़ों श्रद्धालु एक स्वर में उनका साथ दे रहे थे। यह दृश्य ग्रामीणों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा। ग्रामीणों का कहना था कि जब उनका जनप्रतिनिधि उनके धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में पूरी सहभागिता निभाता है, तो उनमें उत्साह और आत्मविश्वास का संचार स्वतः हो जाता है।

### नक्सलमुक्त होने पर प्रारम्भ हो रही धार्मिक गतिविधियां

अब जब क्षेत्र नक्सलमुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तो धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का पुनः प्रारंभ होना विकास और स्थायित्व का संकेत माना जा रहा है। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि श्रीराम की कृपा से क्षेत्र में शांति, सद्भाव और समृद्धि का मार्ग और अधिक प्रशस्त होगा।

### आस्था का ऐतिहासिक क्षण

हनुमान चालीसा की गूंज, "जय श्रीराम" के उद्घोष और यज्ञ की पवित्र अग्नि के बीच पोलमपल्ली ने एक ऐतिहासिक पल को साक्षी बनाया। 24 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद जब मंदिर के द्वार पूर्ण रूप से खुले और नियमित पूजा का संकल्प लिया गया, तो यह केवल धार्मिक पुनरुत्थान नहीं बल्कि आत्मसम्मान और सांस्कृतिक अस्मिता की पुनर्स्थापना का भी क्षण बन गया। पोलमपल्ली में प्रज्वलित यह सनातन ज्योति अब पूरे क्षेत्र में शांति, एकता और सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दे रही है। रामभक्तों ने आयोग सदस्या दीपिका शोरी से मंदिर में हैंडपंप की मांग की है।

**न्यायालय तहसीलदार सरोना जिला उ०ब० कांकेर छ०ग०**

**//आम ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाए जिला उ.ब. कांकेर के पत्र क्रमांक/ 172/उपंका/साख-भूमि आबंटन / 2026 दिनांक 02/2/2026 के अनुसार ग्राम ठेमा पटवारी हल्का नंबर 14 तहसील सरोना में स्थित शासकीय आबादी मद की भूमि 141/1 रकबा 12.02 हेक्टेयर मे से रकबा 1.20 हेक्टेयर भूमि को कार्यालय सह गोदाम निर्माण हेतु भूमि आबंटित करने की मांग किया गया है।

उक्त संबंध में जिस व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति पेश करना हो तो सुनवाई दिनांक 05/03/2026 के पूर्व पेश करें। नियत समय में प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेंगा।

आज दिनांक 18/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है। मुहर

तहसीलदार
सरोना

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.**

**-: शपथपत्र :-**

संतु राम कावड़े पिता फूलसिंह कावड़े उम्र 44 वर्ष जाति गोंड़ निवासी परेंकोडो थाना भानुप्रतापपुर तहसील दुर्गूकोंदल जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.

मैं सत्य एवं निष्ठापूर्वक निम्नलिखित कथन करता है कि :-

1. यह कि मेरा विवरण व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरी भतीजी के आधार क्रमांक 8988 9289 6148 है जिसमें उनका नाम त्रुटिवश ममता कावड़े (**MAMTA KAVDE**) दर्ज हो गया है। जबकि मेरी भतीजी का वास्तविक एवं सही नाम मात्र ममता (**MAMTA**) है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं शिक्षा संबंधी दस्तावेजों में दर्ज है।
3. यह कि मेरी भतीजी के आधार कार्ड क्रमांक 8988 9289 6148 में दर्ज नाम ममता कावड़े (**MAMTA KAVDE**) के स्थान पर सही व वास्तविक नाम ममता (**MAMTA**) दर्ज कराना चाहता हूँ जिस संबंध में शासकीय गजट राजपत्र में प्रकाशित किये जाने के संबंध में आपके समक्ष आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

**-: सत्यापन :-**

मैं शपथकर्ता सत्य एवं निष्ठापूर्वक यह सत्यापित एवं घोषित करता हूँ कि उपरोक्त कंडिका 01 से 03 तक में वर्णित समस्त तथ्य मेरी निजि जानकारी में सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 20/2/26 को स्थान भानुप्रतापपुर में अपना हसताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

सन्तु राम कावड़े
शपथकर्ता

# श्रमिक की बेटी संस्कार सिटी स्कूल में संवार रही अपना भविष्य

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में आई क्रांति अब सुदूर अंचलों के गरीब और श्रमिक परिवारों के आंगन तक पहुँचकर उनके बच्चों के सपनों को हकीकत में बदल रही है। शासन की अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के माध्यम से प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा दिलाने का संकल्प अब धरातल पर जीवंत होता दिख रहा है। इसी कड़ी में बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिलौरी के एक पंजीकृत श्रमिक नंदकिशोर कश्यप की सुपुत्री डिंपल कश्यप ने अपनी मेधा और कड़ी मेहनत के दम पर सफलता का अध्याय लिख दिया है। डिंपल का चयन राज्य की प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) के आधार पर राजनांदगांव के प्रतिष्ठित संस्कार सिटी स्कूल के लिए हुआ है, जो उनके परिवार के लिए किसी सुखद चमत्कार से कम नहीं है। यहां डिंपल कक्षा छठवीं में अध्ययन कर रही है और बारहवीं तक निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करेगी। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी यह है कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने डिंपल की माध्यमिक शिक्षा से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक की पूरी पढ़ाई का सारा खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। इस निःशुल्क और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के प्रावधान ने परिवार के सिर से आर्थिक चिंता का बोझ पूरी तरह हटा दिया है, जिससे अब डिंपल की प्रगति की राह में कोई बाधा नहीं आएगी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिपं की सामान्य सभा 27 को होगी

**कांकेर।** जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 27 फरवरी को पूर्वान्ह 12 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के लिए जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने निर्देशित किया है।

### संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत कार्य जारी

**कांकेर।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा प्रारंभ किए गए संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत जिले में निर्धारित संकेतकों की संतृप्ति हेतु विभागों द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान की शुरुआत के बाद तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार सभी विभाग नियमित रूप से गतिविधियाँ संचालित कर रहे हैं। इसके तहत समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के नेतृत्व और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाता है। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, पशुपालन सहित सभी संबंधित विभागों द्वारा संकेतकों की पूर्ति हेतु कार्यों की निगरानी की जा रही है।

### भ्रम फैलाने की राजनीति कर जनता को गुमराह कर रही है आप : मंडल अध्यक्ष

**कांकेर।** आप पार्टी जनहित की राजनीति नहीं, बल्कि ढोंग और भ्रम



फैलाने की राजनीति कर रही है। भाजपा मंडल के कोयलीबेड़ा अध्यक्ष लच्छूराम गावड़े ने आरोप लगाया कि आप ऐसे मुद्दो पर विरोध प्रदर्शन करती है, जिन पर सरकार पहले ही स्पष्ट निर्णय और घोषणा कर चुकी होती है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि हाल ही में होली से पहले किसानों के खातों में धान की राशि एक ही किस्त में जारी करने की घोषणा सरकार द्वारा पहले ही की जा चुकी थी। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी ने उसी विषय को लेकर प्रदर्शन कर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया। यह पहली बार नहीं है, पूर्व में भी सरकार के आदेश जारी होने के बाद आप द्वारा विरोध प्रदर्शन कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जाती रही है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि आम आदमी पार्टी के पास न तो ठोस जनमुद्दे हैं और न ही जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता। इसी कारण आप से जुड़े कुछ लोग बार-बार भ्रम फैलाकर अपनी राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश करती है। जनता अब इस तरह की अवसरवादी राजनीति को भली-भांति समझने लगी है। उन्होने कहा कि जनता को चाहिए कि वह ऐसे राजनीतिक ढोंग से सावधान रहे और वास्तविक विकास कार्यों व जनहित के निर्णयों को प्राथमिकता दे। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जनता सच्ची सेवा और जिम्मेदार राजनीति को ही समर्थन देगी।
मंडल अध्यक्ष ने आगे कहा कि वर्तमान में दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं।

# बासनवाही व मांडाभर्री केंद्रों में धान का उठाव ठप, केंद्र प्रभारी हैं चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

जिले के बासनवाही और माण्डाभर्री धान खरीदी केंद्रों में इस वर्ष धान का उठाव परिदान न होने से स्थिति बहुत गंभीर हो गई है। दोनों केंद्रों में धान के ढेर अब तक ऊंचे हो गए हैं, लेकिन मिलर्स की धीमी उठाव प्रक्रिया के कारण खरीदी केंद्रों में व्याप्त संकट बढ़ता जा रहा है। खरीदी केंद्रों के प्रभारी अब सूखने के डर से बेहद चिंतित नजर आ रहे हैं, क्योंकि यदि इस स्थिति को समय रहते नहीं संभाला गया, तो आगामी दिनों में धान की गुणवत्ता में गिरावट आ सकती है।



### धान की गुणवत्ता में भी गिरावट की आशंका

बासनवाही धान खरीदी केंद्र में कुल 49963. 52 क्विंटल धान खरीदी हुई है। परिदान 9259 .52 क्विंटल हुई है एवं शेष 40703.68 क्विंटल है। मांडाभर्री खरीदी केंद्र में कुल 36600.80 क्विंटल खरीदी हुई है। परिदान कुल 2271.84 क्विंटल हुआ है एवं शेष 34328.96 क्विंटल बाकी है। धान के ढेर में जमा उपज में तेजी से सूखने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इस स्थिति से बचने के लिए उठाव का कार्य शीघ्रता से पूरा करना जरूरी है। यदि इस पर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया, तो धान का नुकसान होना निश्चित है, जो किसानों और खरीदी केंद्रों के लिए बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न करेगा। धान खरीदारी केंद्रों के प्रभारी जो प्रतिदिन सैकड़ों क्विंटल धान का उठाव और परिवहन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, इस स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं। उनका कहना है कि हालात अगर ऐसे ही रहे, तो और धान की गुणवत्ता में भी गिरावट आ सकती है। मिलर्स द्वारा धान का उठाव कम गति से किया जा रहा है, जिसके कारण समय पर परिवहन और संग्रहण की समस्या उत्पन्न हो रही है। केंद्र प्रभारी और किसानों का कहना है कि सरकार को इस गंभीर स्थिति पर ध्यान देना चाहिए और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए। साथ ही, यह भी जरूरी है कि मिलर्स से इस प्रक्रिया को तेज करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि किसानों का धान जल्द से जल्द उठाया जा सके और कोई बड़ा नुकसान न हो। किसान संगठन और खरीदी केंद्रों के प्रभारी अब इस संकट से उबरने के लिए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा, मिलर्स को भी यह समझाना आवश्यक होगा कि वे अपनी उठाव प्रक्रिया को तेज करें, ताकि धान की गुणवत्ता को बनाए रखा जा सके।

### आंगनबाड़ी व पीडीएस भवन निर्माण में देरी पर असंतोष, सीईओ को कार्रवाई के निर्देश

# समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- 31 मार्च तक कर्मयोगी भारत पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य, कलेक्टर ने दिए स्पष्ट निर्देश

जिले के विकास कार्यों को गति देने, प्रशासनिक व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने और शासन की प्राथमिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित कार्यों एवं प्रकरणों की विभागवार प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण हों, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आयोजित बैठक में भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए कर्मयोगी भारत नामक पोर्टल की जानकारी दी गई। नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर मनीष देव साहू ने बताया कि इस वेबसाइट पर सभी शासकीय सेवकों का ऑनबोर्ड पंजीयन अनिवार्य किया गया है, जिसकी अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। कलेक्टर ने जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल शासकीय सेवकों के कौशल विकास और क्षमता निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डिप्टी कलेक्टर ने जानकारी दी कि कर्मयोगी भारत पोर्टल में 25 हजार से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिसूचित हैं, जिनमें शासकीय सेवक अपनी रुचि एवं कार्य-प्रवृत्ति के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, संविदा एवं अन्य माध्यमों से भर्ती किए गए कर्मचारियों का पंजीयन इस पोर्टल में नहीं किया जाएगा।

कलेक्टर ने विभागीय प्रमुखों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि उनके अधीनस्थ सभी पात्र अधिकारी-कर्मचारी समय पर पंजीयन कर लें। जनगणना-2026 को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को ग्राम पंचायत स्तर तक सभी प्रशासनिक तैयारियां समय रहते पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

आयोजित बैठक में नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित संपूर्णता अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिला पंचायत के सीईओ को निर्देश दिए कि अभियान के तहत सतत गतिविधियां संचालित की जाएं, ताकि जिले की रैंकिंग एवं प्रदर्शन में सुधार हो सके। इसके अतिरिक्त बैठक में नियद नेल्लानार योजना, सामाजिक अंकेक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना, विशेष केन्द्रीय सहायता मद, पोषण पुनर्वास केंद्र, राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम सहित विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। बैठक में डीएफओ भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे सहित सभी अनुभागों के अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



#### निर्माण कार्यों की समीक्षा की

आयोजित बैठक में जिले में जिला निर्माण समिति एवं डीएमएफ मद से स्वीकृत किंतु लंबित निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ऐसे सभी निर्माण कार्यों को अगले माह तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं पीडीएस सेंटर भवन निर्माण के पुराने स्वीकृत प्रकरणों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शीघ्रता से निर्माण कार्य पूर्ण कर पूर्णता एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र जारी करने के निर्देश दिए। लंबे समय से अपूर्ण कार्यों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर ने जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी को ऐसे प्रकरणों को निरस्त करने की कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

# बैकुंठपुर सरपंच को 11 लाख के गबन के आरोप पर पद से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत बैकुंठपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। शासकीय राशि के गबन वित्तीय अनियमितता और कर्तव्यों में घोर लापरवाही बरतने के मामले में एसडीएम पखांजूर ने सरपंच सरिता उसेण्डी को पद से पृथक कर दिया है।

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) के तहत उन्हें सरपंच पद से हटाया गया है और साथ ही धारा 40 (2) (ख) के तहत आगामी 6 वर्षों के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य (निर्हरित) घोषित कर दिया गया है। प्रशासन ने गबन की गई राशि की वसूली की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। सरपंच ने अपने पिछले और वर्तमान कार्यकाल के दौरान लाखों रुपये की हेराफेरी की:स्कूल निर्माण में गबन: लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा स्कूल में कला कक्ष, प्रयोगशाला और पुस्तकालय निर्माण के लिए 23.59 लाख रुपए स्वीकृत थे। सरपंच ने 18,86,600 रुपए आहरित किए, जबकि मौके पर मात्र 8,63,866 रुपए का ही कार्य पाया गया। यहाँ सीधे तौर पर 10,22,734 रुपए की अनियमितता उजागर हुई। सोकपीट शोकपीट टैंक घोटाला वर्ष 2023-24 में 30 टैंकों के लिए 3.30 लाख रुपये स्वीकृत थे। जांच के दिन 15 मई 2025 तक एक भी टैंक नहीं बना था, जबकि 1,69,300 रुपए पहले ही निकाल लिए गए थे। जांच के डर से आनन-फानन में 20 टैंक बनवाए गए, लेकिन 11,000 प्रति नग की स्वीकृति के विरुद्ध मात्र 4,337 ही खर्च किए गए। यहाँ भी 82,560 रुपए के गबन की पुष्टि हुई है। पीवी 125 खेल मैदान के लिए 48,500 रुपए निकाले गए, लेकिन भुगतान केवल 4,500 रुपए का ही किया गया। विदित हो कि मार्च 2025 में ग्राम बैकुंठपुर के निवासी जतन बिश्वास समेत 37 अन्य ग्रामीणों ने 22 बिंदुओं पर कलेक्टर, विधायक और एसडीएम से शिकायत की थी। सीईओ जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा द्वारा कराई गई स्थल निरीक्षण और भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट में भ्रष्टाचार के आरोप सही पाए गए। सरिता उसेण्डी ने 2022 के उपचुनाव में जीत दर्ज की थी और फरवरी 2025 के आम चुनाव में निर्विरोध चुनी गई थीं, लेकिन कार्यकाल पूरा होने से पहले ही भ्रष्टाचार के आरोपों ने उन्हें पद से बाहर कर दिया है। प्रशासन की इस कड़ी कार्यवाही से क्षेत्र के अन्य भ्रष्ट जनप्रतिनिधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पैराडाइज स्कूल में मॉकड्रिल कर फायर सेफ्टी की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में कांकेर नगर सेना से फायर ब्रिगेड के टीम के द्वारा स्कूल के फायर एक्टिवेशन सिस्टम का मॉकड्रिल कर फायर सेफ्टी की जानकारी दी गई। टीम लिडर शत्रुघन सिन्हा द्वारा आग से जीवन की सुरक्षा के बारे छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी।

फायर ब्रिगेड आग लगने पर उसे कैसे बुझाई जाती है, मॉकड्रिल कर अग्निशमन के बारे में बताया गया इस टीम के द्वारा ईंधन गैस में लगने वाली आग, डीजल पेट्रोल एवं अन्य प्रकार के आग से किस प्रकार से बचा जा सकता है। मॉकड्रिल के द्वारा प्रदर्शन किया गया, फायर ब्रिगेड टीम ने अपने कार्यों के विषय में बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि फायर ब्रिगेड की भूमिका आग बुझाना, जब किसी स्थान पर आग लग जाती है, तो फायर ब्रिगेड के कर्मचारी तुरंत पहुंचकर उसे बुझाने का काम करते है। फायर ब्रिगेड की टीम लोगों को आग से सुरक्षा सुनिश्चित करती है, खासकर जब आग किसी घर, संस्थान या अन्य जगहों पर लग जाती है। आग के अलावा भी ये टीम अन्य आपातकालीन परिस्थियों में अगर आग लगे तो घबराना नहीं चाहिए, सबसे पहले तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन करें, घर के आस-पास लगे तारों का ध्यान रखना और कभी भी जलते हुए पदार्थों को अकेला छोड़ना नहीं आदि अन्य सावधानियों के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया।



स्कूल में लगे फायर एक्टिवेशन, वाटर स्पलाई, सेफ्टी सिस्टम, सायरन सिस्टम एवं अन्य सभी अग्निशमक यंत्रों का मॉकड्रिल कर आग से जीवन की सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम को फायर ब्रिगेड के जवान शत्रुघन सिन्हा स्टेशन प्रभारी, किशोर पटेल फायरमॅन, गोविन्दराम जैन फायर वाहन चालक, फरसराम कवाची, लुकेश कुमार दरों फायर ब्रिगेड कर्मचारी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

# दर्जनों पहुंचविहीन गांवों के मजदूरों ने नकद भुगतान करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर




कांकेर जिले के अंतर्गत आने वाले परलकोट क्षेत्र के दर्जनों पहुंचविहीन और संवेदनशील गांवों के मजदूरों ने अपनी मेहनत की कमाई का नकद भुगतान किए जाने की मांग उठाई है। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री और वन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों की व्यथा साझा की है।

संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजीत मिस्त्री और सचिव अनिमेष विश्वास द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि सितरम, शेरमुंडा, राजामुंडा, कोपेन गुंडा, आलदण्ड, कन्दाड़ी, बांगो घोड़ेगा, और हिदुर जैसे कई गांव प्राकृतिक संसाधनों पर आश्रित हैं। इन गांवों के मजदूरों को तेन्दूपत्ता तुड़ाई, मनरेगा और बांस कटाई जैसे कार्यों का पैसा निकालने के लिए मुख्यालय स्थित बैंकों के चक्कर काटने पड़ते हैं। ज्ञापन में गांव मुख्यालय से काफी दूर हैं और रास्ता जंगलों से भरा है, जिससे रात में जंगली जानवरों और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। अक्सर मजदूर किराया लगाकर बैंक पहुंचते हैं, लेकिन सर्वर डाउन होने या अन्य तकनीकी कारणों से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। बैंक से पैसे लेकर लौटते समय ग्रामीणों के साथ लूटपाट या ठगी की घटनाएं होने का डर बना रहता है। आने-जाने में ही मजदूरों की मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा खर्च हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि वे डिजिटल बैंकिंग और बैंक खातों की जटिलताओं के कारण अपनी ही राशि के लिए दर-दर भटक रहे हैं। संगठन ने मांग की है कि इन अति-संवेदनशील और पहुंचविहीन क्षेत्रों में मजदूरों को तेन्दूपत्ता, मनरेगा और बांस कटाई की राशि का भुगतान नकद रूप में उनके गांव या नजदीक में किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक और मानसिक प्रताड़ना से मुक्ति मिल सके।

### एआई समिट का विरोध कांग्रेस का देश विरोधी एजेंडा : मुकेश

**नरहरपुर।** भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक मुकेश संचेती ने एआई समिट को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि देश को तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुकेश संचेती ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से तकनीकी और डिजिटल क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक क्षेत्रों में देश को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। ऐसे महत्वपूर्ण प्रयासों का विरोध करना कांग्रेस की नकारात्मक व संकीर्ण मानसिकता वाली राजनीति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि एआई समिट देश के युवाओं, स्टार्टअप्स और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए बड़ा अवसर है। इससे भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी और आने वाले समय में रोजगार व नवाचार के नए रास्ते खुलेंगे।

कांग्रेस हमेशा से विकास से जुड़े मुद्दों पर विरोध की राजनीति करती रही है। जब भी देश के हित में कोई बड़ा कदम उठाया जाता है, कांग्रेस उसे मुद्दा बनाकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता सब समझ चुकी है और विकास के रास्ते में बाधा बनने वाली राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी।










